1178(E)
17/02/2026

## पथ निर्माण विभाग

## दिनांक 16/2/2026 को सम्पन्न अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त–सह–विशेष सचिव (कार्य प्रबंधन) की अध्यक्षता में गठित समिति की बैठक की कार्यवाही

वैशाली पथ प्रमंडल, हाजीपुर के अन्तर्गत Construction of Road from House of Manoj Singh to NH-22 (Total Length-0.550 Km.) in Ward No.-7 for the year 2025-26 कार्य की पुनर्निविदा के तकनीकी बीड, जिस पर तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की अनुशंसा प्राप्त है, पर अनुमोदन हेतु अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त–सह–विशेष सचिव की अध्यक्षता में गठित समिति की बैठक की कार्यवाही।

**उपस्थितिः**

(i) श्री उमा कान्त रजक, अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त–सह–विशेष सचिव (कार्य प्रबंधन), पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना।
(ii) श्री विजय कुमार, मुख्य अभियंता, अनुश्रवण, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना।
(iii) श्री सुनील कुमार सुमन, मुख्य अभियंता, उत्तर, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना।
(iv) श्री मजीद अहमद, आन्तरिक वित्तीय बीड सलाहकार, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना।

2. मुख्य अभियंता, उत्तर, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना के पत्रांक–08(अनु०) दिनांक–02.01.2026 के माध्यम से प्राप्त दिनांक–30.12.2025 को सम्पन्न तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की बैठक की कार्यवाही, अनुशंसा एवं संलग्न जाँच–पत्र में अंकित सूचनाओं के आधार पर विवरणी निम्नवत् हैः–

| | | | |
|---|---|---|---|
| 2.1 | कार्य का नाम | : | Construction of Road from House of Manoj Singh to NH-22 (Total Length-0.550 Km.) in Ward No.-7 for the year 2025-26 |
| 2.2 | योजना मद | : | 5054 |
| 2.3 | निविदा आमंत्रित करने वाले प्रमंडल का नाम | : | वैशाली पथ प्रमंडल, हाजीपुर। |
| 2.4 | प्रशासनिक स्वीकृति की राशि एवं प्रसंग | : | ₹239.29 लाख।<br>विभागीय ज्ञापांक–5801(S) दिनांक–01.07.2025 |
| 2.5 | तकनीकी स्वीकृति की राशि एवं प्रसंग | : | ₹242.41 लाख।<br>मुख्य अभियंता, उत्तर, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना का ज्ञापांक–2229 दिनांक–17.07.2025 |
| 2.6 | परिमाण विपत्र की राशि | : | ₹233.82232 लाख। |
| 2.7 | कार्य समाप्ति की अवधि | : | 04 (Four) Months. |
| 2.8 | निविदा की प्रक्रिया | : | ई–टेंडरिंग (SBD) |
| 2.9 | निविदा प्राप्ति की तिथि | : | 01.12.2025 |

| | | |
|---|---|---|
| 2.10 प्राप्त निविदा की संख्या | : | 03 (तीन) अदद यथाः– |
| (i) Balkrishna Bhalotia Construction Private Limited<br>(iii) Ranjana Rakesh | | (ii) KDD Engicon Private Limited |
| 2.11 तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति द्वारा तकनीकी बीड निष्पादन का प्रसंग | : | मुख्य अभियंता, उत्तर, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना का ज्ञापांक–3893 दिनांक–30.12.2025 |
| 2.12 परिवाद की स्थिति | : | परिवाद प्राप्त नहीं है। |
| 2.13 प्राप्त निविदा क्या पुनर्निविदा है यदि हाँ तो कारण | : | पुनर्निविदा है। प्रथम बार आमंत्रित निविदा में किसी भी निविदाकार द्वारा भाग नहीं लिया गया। दूसरी बार प्राप्त निविदा में किसी भी निविदाकार के तकनीकी बीड में सफल नहीं होने के फलस्वरूप निविदा को रद्द कर यह निविदा तीसरी बार आमंत्रित की गई है। |

3. अधीक्षण अभियंता, सारण पथ अंचल, हाजीपुर के पत्रांक–1768(अनु०) दिनांक–05.12.2025 से उक्त निविदा का तकनीकी बीड प्राप्त हुआ है।

इस निविदा में तीन निविदाकारों द्वारा भाग लिया गया है। सभी निविदाकारों द्वारा निविदा के साथ अग्रधन की राशि जमा किया गया है, जिसका सत्यापन कार्यपालक अभियंता, वैशाली पथ प्रमंडल, हाजीपुर द्वारा करा लिया गया है।

जाँचोपरान्त् पाया गया कि तीन निविदाकारों में से एक निविदाकार यथा Ranjana Rakesh निविदा की वांछित अर्हत्ता को पूर्ण करते है।

शेष दो निविदाकार यथा (1) Balkrishna Bhalotia Construction Private Limited द्वारा SBD के ITB-Cl.4.7 के आलोक में Engineer-in-Charge से सत्यापित Existing Commitment निविदा में Upload नहीं किया गया है।

तथा (2) KDD Engicon Private Limited द्वारा SBD के ITB-Cl.4.5A(c) के आलोक में Mastic Asphalt कार्य का वित्तीय वर्षवार प्रमाण–पत्र निविदा के साथ संलग्न नहीं किया गया है।

4. **तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति का निर्णय :–**

4.1 वैशाली पथ प्रमंडल, हाजीपुर के अन्तर्गत Construction of Road from House of Manoj Singh to NH-22 (Total Length-0.550 Km.) in Ward No.-7 for the year 2025-26 कार्य की पुनर्निविदा में तीन निविदाकरों में से एक निविदाकार Ranjana Rakesh को तकनीकी बीड में सफल घोषित करने का निर्णय लिया जाता है।

शेष दो निविदाकार यथा (1) Balkrishna Bhalotia Construction Private Limited को SBD के ITB-Cl.4.7 के आलोक में एवं (2) KDD Engicon Private Limited को SBD के ITB-Cl.4.5A(c) के आलोक में तकनीकी बीड में असफल घोषित करने का निर्णय लिया जाता है।

5. अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त–सह–विशेष सचिव(कार्य प्रबंधन) की अध्यक्षता में गठित समिति का निर्णयः–

5.1 मुख्य अभियंता, उत्तर, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना के पत्रांक–08(अनु०) दिनांक–02.01.2026 से प्राप्त दिनांक–30.12.2025 को तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की बैठक की कार्यवाही, अनुशंसा तथा इसके साथ संलग्न जाँच–पत्र में अंकित की गई सूचनाओं के आधार पर अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त–सह–विशेष सचिव की अध्यक्षता में गठित समिति का अनुमोदन निम्नवत् है :–

5.2 वैशाली पथ प्रमंडल, हाजीपुर के अन्तर्गत **Construction of Road from House of Manoj Singh to NH-22 (Total Length-0.550 Km.) in Ward No.-7 for the year 2025-26** कार्य के लिए प्राप्त पुनर्निविदा के तकनीकी बीड पर तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की अनुशंसा के आलोक में प्राप्त तीन निविदाकारों में से दो निविदाकारों यथा **(1) Balkrishna Bhalotia Construction Private Limited** को **SBD** के **ITB-Cl.4.7** एवं **(2) KDD Engicon Private Limited** को **SBD** के **ITB-Cl.4.5A(c)** के तहत् पुनर्निविदा के तकनीकी बीड में असफल एवं शेष सफल एकल निविदाकार यथा **Ranjana Rakesh** को बिहार लोक निर्माण संहिता के नियम–163(3) के तहत् पुनर्निविदा के तकनीकी बीड में सफल घोषित करने का निर्णय लिया जाता है।

5.3 विभागीय आदेश–141–सह–पठित ज्ञापांक–5355(एस) दिनांक–28.10.2021 के आलोक में तकनीकी बीड में सफल निविदाकार का वित्तीय बीड खोलने एवं तदोपरान्त वित्तीय बीड निविदा निष्पादनार्थ अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त–सह–विशेष सचिव की अध्यक्षता में गठित समिति के समक्ष प्रस्तुत करने का निर्णय लिया जाता है। बशर्ते उक्त विभागीय निदेश के अनुसार निर्धारित अवधि दो दिनों में इस निविदा में शामिल किसी निविदाकार का परिवाद/आपत्ति प्राप्त न हो। यदि परिवाद प्राप्त होता है, तो सक्षम स्तर से परिवाद निष्पादन के उपरान्त ही वित्तीय बीड खोला जायेगा।

5.4 समिति की इस कार्यवाही को विभागीय वेबसाईट पर भी डाली जाय।

16/02/26

(मजीद अहमद)
आन्तरिक वित्तीय सलाहकार,
पथ निर्माण विभाग,
बिहार, पटना।

16/2/26

(सुनील कुमार सुमन)
मुख्य अभियंता,
उत्तर, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना।

16/2/26

(विजय कुमार)
मुख्य अभियंता,
अनुश्रवण,
पथ निर्माण विभाग,
बिहार, पटना।

16/2/26

(उमा कान्त रजक)
अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त–सह–विशेष सचिव (कार्य प्रबंधन),
पथ निर्माण विभाग,
बिहार, पटना।

ज्ञापांकः प्र0–7/निविदा–03–259/2025 1178 (E) पटना, दिनांक 17/02/2026

**प्रतिलिपिः**– मुख्य अभियंता, उत्तर, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना/मुख्य अभियंता(अनुश्रवण), पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित/आई०टी० मैनेजर, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

16/2/26

(उमा कान्त रजक)
अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त–सह–विशेष सचिव (कार्य प्रबंधन),
पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना।